Azadi Ka Amrit Mahotsav

सत्यमेव जयते

Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

# थैलेसीमिया बाल सेवा योजना

कोल इण्डिया
Coal India



## कोल इंडिया लिमिटेड (एक महारत्न कंपनी) की एक सीएसआर पहल

# नव जीवन हेतु सीआईएल की मर्मस्पर्शी पहल

थैलेसीमिया, एक वंशानुगत रक्त विकार है जिसके कारण शरीर में हीमोग्लोबिन सामान्य से कम होता है। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें आजीवन बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता होती है, साथ ही जीवित रहने के लिए अन्य महंगे चिकित्सकीय उपाय भी करने होते हैं। अप्लास्टिक एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब शरीर पर्याप्त नई रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बंद कर देता है।

अनुमान है कि भारत में हर साल 10,000 से अधिक थैलेसीमिक बच्चे पैदा होते हैं। इसी तरह, हर साल 9400 लोगों में अप्लास्टिक एनीमिया पाया जाता है। ये बीमारियाँ प्रभावित परिवारों को विशेष रूप से ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के लोगों पर स्वास्थ्य सेवाओं के भारी बोझ के साथ परिवारों पर भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक बोझ भी डालती हैं।

इन बीमारियों का स्थायी इलाज है स्टेम सेल ट्रांसप्लांट, जिसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के नाम से भी जाना जाता है। यह पाया गया है कि यदि बीएमटी कम उम्र में किया जाता है तो उपचार अधिक सफल होता है।

इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कोल इंडिया लिमिटेड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इन दो बीमारियों से पीड़ित बच्चों के इलाज में सहायता करने की अनूठी सीएसआर पहल लेकर आई है।

कोल इंडिया लिमिटेड, थैलेसीमिया के उपचार के लिए वर्ष 2017 में सीएसआर परियोजना शुरू करने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम है। देश भर में फैले आठ प्रमुख अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पात्र रोगियों को 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अब तक थैलेसीमिया के **158** से अधिक मरीजों का सफल ट्रांसप्लांट किया जा चुका है। वर्ष 2021 से अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## पात्रता :

| मानदंड | थैलेसीमिया | अप्लास्टिक एनीमिया |
|---|---|---|
| उम्र | 12 वर्ष या उससे कम | 18 वर्ष या उससे कम |
| घरेलू आय | 5 लाख रुपये या उस से कम | 8 लाख रुपये या उस से कम |
| मैचिंग डोनर | मैचिंग रिलेटेड डोनर | मैचिंग रिलेटेड डोनर |

# चयनित प्रत्यारोपण केंद्र :



एम्स, नई दिल्ली



सीएमसी, वेल्लोर



टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता



राजीव गांधी कैंसर संस्थान, नई दिल्ली



नारायण हृदयालय, बैंगलोर



एसजीपीजीआई, लखनऊ




सीएमसी, लुधियाना



पीजीआई, चंडीगढ़

# प्रक्रिया के चरण :

1. डोनर के साथ एचएलए मिलान और पात्रता सम्बन्धी मानदंडों को पूरा करना
2. कोल इंडिया का थैलेसीमिया पोर्टल/थैलेसीमिक्स इंडिया/अस्पताल/कोल इंडिया में आवेदन
3. थैलेसीमिक्स इंडिया द्वारा प्रारंभिक जांच
4. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन को स्क्रीनिंग कमेटी को भेजना
5. स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जाँच और अनुशंसा
6. स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदन और प्रत्यारोपण के लिए अस्पताल एवं परिवार को सूचना

## क्लीनिकल आवश्यकतायें

### थैलेसीमिया के लिए -

- रोगी को ट्रांसफ्यूज़न पर निर्भर थैलेसीमिया होना चाहिए
- 100% एचएलए (ह्यूमन लियूकोसाइट एंटीजन) रिलेटेड डोनर होना चाहिए
- रोगी क्लास थ्री बी के अंदर ना आते हों, और रोगी का लिवर कोस्टल मार्जिन से 5 सेंटीमीटर कम हो

### अप्लास्टिक एनीमिया के लिए -

- रोगी को बोन मेरो एग्जामिनेशन में दर्ज़ मानदंड के अनुसार गंभीर अप्लास्टिक एनीमिया होना चाहिए
- रोगी के पास फुल 6/6 HLA मैच करता हुआ रिलेटेड डोनर होना चाहिए
- इनहेरिटेड बोन मेरो फेलियर सिंड्रोम को रूल आउट करने के लिए आवश्यक परीक्षण होना चाहिए

• प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची के लिए संपर्क करें

## परिवारों की राय :



*"मेरा पूरा परिवार बहुत खुश है क्योंकि अब मेरी बेटी को हर महीने ट्रांसफ्यूज़न के लिए सुइयों का दर्द नहीं झेलना पड़ेगा। कोल इंडिया लिमिटेड और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ईश्वर के दूत हैं।"*

एलिशा अरोड़ा — *पिता*



*"हम सब बहुत खुश हैं कि अब वह अच्छा कर रहा है और सही से खा पाता है। मैं कोल इंडिया के प्रति उनकी आर्थिक सहायता के लिए आभारी हूँ।"*

अखिलेश सिंह — *पिता*



*"2 साल हो गए मेरी बेटी लावण्या का बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुए, अब उसे ब्लड ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता नहीं है। मेरा पूरा परिवार बहुत खुश है और हमें वास्तव में लगता है कि हमारी ज़िंदगी बदल गयी है।"*

लावण्या मेहता — *पिता*



*"समय निश्चित रूप से कठिन था विशेष रूप से पैसों को लेकर। हमने अनेकों जगहों से पैसे की व्यवस्था करने की बहुत कोशिश की लेकिन हर बार मायूसी झेलनी पड़ी। कोल इंडिया की परियोजना हमारे जीवन में आशा की किरण के रूप में आयी। अब मेरा बेटा पूरी तरह स्वस्थ है। ये मदद हमेशा हमारे दिल और दिमाग में रहेगी।"*

श्रीकांत साहनी — *पिता*

**_थैलेसीमिक्स इंडिया_ को थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के लिए प्रबंधकीय और सहायक सेवाएं प्रदान करने हेतु नियुक्त किया गया है।**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

Thalassemics India

**थैलेसीमिक्स इंडिया**
ए-9, निजामुद्दीन वेस्ट, नई दिल्ली-110013
9871445595 / 011-41827334,46595811
thalcind@yahoo.co.in / tulishobha@gmail.com

कोल इण्डिया Coal India

**सचिन बी** / सहायक प्रबंधक
कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता
+91- 9433007437
sachin.b@coalindia.in

**कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट – https://www.coalindia.in/departments/csr/tbsy/**

# कोल इंडिया लिमिटेड
## (एक महारत्न कंपनी)
## की एक सीएसआर पहल